प्रभारी अधिकारी, आशुलिपिक विभागीय गति परीक्षा कमेटी
(न्यायाधीश, पारिवारिक न्यायालय, मेड़ता)

क्रमांक / परीक्षा / 2026 / .01 दिनांक–29.07.2026

विज्ञप्ति

माननीय जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदय, मेड़ता के कार्यालय आदेश क्रमांक 150 स्था. दिनांक 24.07.2026 द्वारा नियमानुसार आशुलिपिक ग्रेड तृतीय से आशुलिपिक ग्रेड द्वितीय पर पदोन्नति हेतु विभागीय गति परीक्षा आयोजित किए जाने के लिए निर्देश दिया गया है। अतः इस न्यायक्षेत्र में कार्यरत आशुलिपिक ग्रेड तृतीय से आशुलिपिक ग्रेड द्वितीय के पद पर पदोन्नति हेतु Rajasthan District Courts Ministerial Establishmet Rules, 1986 यथासंशोधित नियमों के नियम 14 Promotion (iv) और नियम 10 (b) के अनुसार गति परीक्षा :–

"75 words per minute in Hindi Shorthand and 8000 key depressions per hour in Hindi Typing on computer"

– के अनुसार दिनांक 13.08.2026 को 02.00 पी.एम. पर जिला न्यायालय परिसर, मेड़ता में आयोजित की जायेगी।

इस न्यायक्षेत्र में पदस्थापित / कार्यरत आशुलिपिक ग्रेड तृतीय, जिनका परिवीक्षाकाल पूर्ण हो चुका है एवं जिन्होंने नियमानुसार गति परीक्षा उत्तीर्ण नहीं की है, उक्त गति परीक्षा में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहेंगे।

संलग्न – परीक्षा सम्बन्धित दिशा–निर्देश एवं आशुलिपिकगण की सूची।

Sd
प्रभारी अधिकारी,
आशुलिपिक विभागीय गति परीक्षा कमेटी
न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, मेड़ता

क्रमांक / स्था. / 2026 / 1-4 दिनांक–29.07.2026

प्रतिलिपि निम्नलिखित को अपने कार्यालय में पदस्थापित / कार्यरत अधीनस्थ आशुलिपिक ग्रेड तृतीय को इससे सूचित कर, उसकी सूचना इस कमेटी को दिनांक 01.08.2026 तक भेजने हेतु जरिये ई–मेल प्रेषित है :–

1. श्रीमान् जिला एवं सेशन न्यायाधीश महोदया, मेड़ता।
2. मेड़ता न्यायक्षेत्र के अन्य समस्त न्यायालय के पीठासीन अधिकारी।
3. सिस्टम असिस्टेंड, जिला न्यायालय, मेड़ता वेबसाईट पर अपलोड हेतु।
4. संबंधित आशुलिपिक जरिये व्हाट्सएप

प्रभारी अधिकारी,
आशुलिपिक विभागीय गति परीक्षा कमेटी
न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, मेड़ता

आशुलिपिक ग्रेड तृतीय की आशुलिपिक ग्रेड द्वितीय के पद पर पदोन्नति हेतु गति परीक्षा के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश :–

परीक्षा दिनांक 13.08.2026 को जिला न्यायालय परिसर, मेड़ता में समय 02.00 पी एम पर आयोजित की जायेगी। जिसका कार्यक्रम निम्नानुसार रहेगा :–

1. प्रथम प्रश्न–पत्र 06 मिनट का डिक्टेशन होगा। प्रश्न–पत्र की डिक्टेशन देने से पूर्व दो मिनट का ट्रायल डिक्टेशन दिया जायेगा। प्रश्न–पत्र के अन्तर्गत दिये गये डिक्टेशन को 50 मिनट में अनुवाद करने का समय दिया जायेगा।
2. तत्पश्चात् आधे घण्टे का मध्यान्तर होगा।
3. द्वितीय प्रश्न–पत्र हिन्दी टंकण गति परीक्षा का होगा, जिसकी समयावधि 10 मिनिट तक होगी। टंकण गति परीक्षा हेतु प्रश्न पत्र में दिया गया गद्यांश (मैटर), यदि अभ्यर्थी ने निर्धारित 10 मिनट की अवधि से पूर्व ही पूर्ण कर लिया है, तो वह उसी गद्यांश को दोबारा टंकित कर सकेगा।
4. अभ्यर्थी को उत्तर पुस्तिका पर निर्धारित स्थान पर ही अपना नाम एवं रोल नम्बर लिखना है, अन्य किसी पृष्ठ पर कुछ नहीं लिखना है। यदि किसी अभ्यर्थी द्वारा अपना नाम या रोल नम्बर उत्तर पुस्तिका पर निर्धारित स्थान के अतिरिक्त उत्तर पुस्तिका में अन्य किसी स्थान पर लिखा पाया गया, तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जावेगा।
5. अभ्यर्थियों द्वारा परीक्षा हेतु स्वयं के उपयोग हेतु पेन, पेंसिल, रबर आदि उपयोगी सामग्री साथ लानी होगी। स्टेनो डिक्टेशन हेतु डायरी, परीक्षा केन्द्र पर उपलब्ध करवाई जावेगी।
6. गति परीक्षा में कंप्यूटर में Cut, Copy, Paste, Delete Key कार्य नहीं करेंगे।
7. गति परीक्षा हिन्दी में कम्प्यूटर पर युनिकोड फोन्ट (m17n) में ली जायेगी।
8. परीक्षा प्रारम्भ होने से 30 मिनट पूर्व तक परीक्षा कक्ष में पहुंचना अनिवार्य है। उसके पश्चात् किसी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश नहीं दिया जावेगा।
9. परीक्षा समाप्त होने से पूर्व किसी अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष से जाने की अनुमति नहीं होगी।
10. अभ्यर्थी को उपस्थिति पत्रक पर हस्ताक्षर करने होंगे।

प्रभारी अधिकारी,
आशुलिपिक विभागीय गति परीक्षा कमेटी
न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, मेड़ता

क.सं.	कर्मचारी का नाम	न्यायालय का नाम	मोबाईल नंबर
1	श्री महेश व्यास	ACJ & JM Court, Merta	7976191716
2	श्री जितेन्द्र गहलोत	CJ & JM Court, Merta Under Work Managmant POCSO Court No.2 Merta	8233973518
3	श्री अमित पुरोहित	CJ & JM Court, Nagaur	8302056533
4	श्री गजेन्द्र	Gram Nyayalay,Jayal Under Work Managmant, ACJM Court, Merta	6377057690
5	श्रीमती कृष्णा भाटी	ACJ & JM Court, No.1,Nagaur Under Work Managmant, CJ & JM Court,Jayal	8529676443
6	श्री मदनलाल सुथार	DJ Court Merta, Under Work Managmant, CJ & JM Court, Khinwsar	9413550275
7	श्री पवन कंसारा	ACJ & JM Court, No.2, Nagaur Under Work Managmant, ADJ Court, Jayal	9784448684
8	श्रीमती रिया गहलोत	CJ & JM Court, Khinwasar Under Work Managmant, ACJ & JM Court No.2 , Nagaur	9314834141
9	श्री हर्षित वैष्णव	CJ & JM Court, Jayal Under Work Managmant,ACJM Court, Degana	9414688069

प्रभारी अधिकारी,
आशुलिपिक विभागीय गति परीक्षा कमेटी
न्यायाधीश,
पारिवारिक न्यायालय, मेड़ता